# तमाम प्रयासों के बाद भी सरकारी स्कूलों में घट रही बच्चों की संख्या

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 24 मई. जिले में हर साल बच्चों के नामांकन संख्या में कमी आ रही है। रिपोर्ट के अनुसार जिले में प्री-प्राइमरी से कक्षा 12वीं तक कुल 2 लाख 81 हजार 744 विद्यार्थियों के प्रवेश का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, लेकिन अभी तक 2 लाख 61 हजार 788 विद्यार्थियों का ही नामांकन हो सका है।**

**लक्ष्य के मुकाबले 92.93 प्रतिशत ही नामांकन**

**साल दर साल कम हो रही बच्चों की संख्या**

यह लक्ष्य के मुकाबले 92.92 प्रतिशत है। आमला में 30173 आठनेर में 16858, बैतूल में 52342, भैंसदेही में 23901, भीमपुर में 25293, चिचोली में 16271, घोड़ाडोंगरी में 35056, मुलताई में 25609, प्रभातपट्टन में 16563 और शाहपुर में 19722 बच्चों का नामांकन हो पाया है। जबकि बीते साल जिलेभर के स्कूलों में प्री-प्रायमरी से 12वीं तक 2 लाख 81 हजार 744 विद्यार्थियों का नामांकन हुआ था। इनमें सबसे ज्यादा 57436 बच्चे बैतूल ब्लॉक में थे। इनके अलावा घोड़ाडोंगरी ब्लॉक में 37350, आमला में 31113, आठनेर में 18202, भैंसदेही में 26274, भीमपुर में 27984, चिचोली में 17495, मुलताई में 27766, प्रभातपट्टन में 17299 और शाहपुर ब्लॉक में 20825 बच्चे दर्ज थे। इस साल भी विभाग द्वारा इतने बच्चों का नामांकन किए जाने का लक्ष्य दिया गया था। हालांकि इस साल इतने बच्चों का नामांकन नहीं हो पाया है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है प्रवेश अभियान अभी जारी



है और शेष बच्चों को स्कूलों से जोडने के लिए लगातार संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। दूसरी ओर शिक्षा से जुड़े जानकारों का मानना है कि सरकारी स्कूलों से निजी स्कूलों की ओर बढ़ता रुझान, पलायन और प्रारंभिक कक्षाओं में अभिभावकों की कम रुचि नामांकन घटने के प्रमुख कारण हो सकते हैं। सरकारी स्कूलों में प्रवेश के लिए कई योजनाएं चलाई जाती है, ताकि अधिक से अधिक बच्चे शिक्षा से जुड़ सके, लेकिन शासन के तमाम प्रयासों के बाद भी सरकारी स्कूलों के हालात नहीं सुधर पा रहे है। परिणाम सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या कम होते जा रही है।

### प्री-प्राइमरी कक्षाओं की स्थिति कमजोर

सबसे कमजोर स्थिति प्री-प्राइमरी कक्षाओं में सामने आई है। यहां 14 हजार 888 बच्चों के लक्ष्य के मुकाबले केवल 10 हजार 464 बच्चों का ही प्रवेश हुआ, जो मात्र 70.28 प्रतिशत है। भीमपुर ब्लॉक में तो हालात सबसे खराब रहे, जहां लक्ष्य के मुकाबले केवल 23.81 प्रतिशत बच्चों का नामांकन दर्ज किया गया। वहीं शाहपुर में 49.06 प्रतिशत, आठनेर में 59.55 प्रतिशत और भैंसदेही में 64.11 प्रतिशत नामांकन ही हो सका। हालांकि कक्षा 1 से 8 तक की स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर रही। यहां 1 लाख 86 हजार 330 के लक्ष्य के मुकाबले 1 लाख 72 हजार 099 विद्यार्थियों का प्रवेश दर्ज किया गया, जो 92.36 प्रतिशत है। वहीं कक्षा 9 से 12 तक कई ब्लॉकों ने लक्ष्य से अधिक नामांकन दर्ज किया। आमला में 108.33 प्रतिशत, आठनेर में 100.59 प्रतिशत और शाहपुर में 103.49 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की है।

### शिक्षकों और सुविधाओं की कमी भी एक बड़ा कारण

यदि जिले के सरकारी स्कूलों पर नजर डाली जाये तो सरकारी स्कूलों में प्रायमरी से लेकर कक्षा 12वीं तक 93.87 प्रतिशत ही बच्चों को नामांकन हुआ है। सरकारी स्कूलों में बच्चों के नामांकन का लक्ष्य 188637 निर्धारित किया था, जिसके एवज में 177073 विद्यार्थियों का नामांकन हुआ है। इसके पीछे जानकारों का कहना है कि सरकारी स्कूलों में एक तो शिक्षक पर्याप्त नहीं है, कई स्कूल में एक शिक्षक को 5-5 कक्षाएं संभालना पड़ रहा है। इसके अलावा कई स्कूल भवन जर्जर है। उसमें बच्चों के लिए ज्यादा सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं है। दूसरी ओर निजी स्कूलों में पर्याप्त शिक्षक होते है और पढ़ाई का स्तर भी बेहतर होता है। जिसकी वजह से पालक सरकारी स्कूलों की बजाये निजी स्कूलों में बच्चों को पढ़ाना बेहतर समझते है। ग्रामीण क्षेत्र तक में लोग स्थानीय सरकारी स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने के बजाए शहर के निजी स्कूलों में बच्चों को पढ़ाते है। कुछ स्कूलों के हालात तो ऐसे है, जहां महज 1 से 10 बच्चे ही है।

हाई और हायर सेकेंडरी स्कूल में नामांकन की स्थिति बेहद अच्छी है। अभी तक लक्ष्य का 98.38 प्रतिशत टारगेट हासिल किया जा चुका है। जो शेष बच गया है, उसे भी पूरा कर लिया जायेगा।

**- भूपेन्द्र वरकड़े,** जिला शिक्षा अधिकारी, बैतूल

लक्ष्य के मुताबिक नामांकन के लिए हम निरंतर प्रयास कर रहे है। इसके लिए समय-समय पर बैठक भी ली जा रही है, जिसमें नामांकन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए अधिकारियों को कहा जा रहा है। उम्मीद है कि हम लक्ष्य को हासिल कर लेगे।

**- सुधीर साकेत,** डीपीसी, बैतूल

## एक नजर में

### आग से झोपड़ी सहित कृषि उपकरण जले

**मुलताई।** थाना क्षेत्र बोरदेही के ग्राम गुबरेल मे रविवार की दोपहर 12 बजे के खेत मे स्थित एक झोपड़ी में अचानक आग लगने से झोपडी सहित झोपडी में रखा सामान एवं कृषि उपकरण जलकर राख हो गए। सूचना मिलने पर नगरपालिका मुलताई की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची एवं आग बुझाई गई। नगरपालिका के फायर कर्मचारी सुमित पूरी ने बताया रविवार की दोपहर ग्राम गुबरेल निवासी कपिल बानवनशी के खेत में बनी झोपडी मे आग लगने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे तो खेत मे स्थित झोपड़ी जल रही थी। फायर चालक धनराज पवार, फायर मेन गिरीश पिपले एवं सुमित पूरी ने आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक झोपड़ी सहित कृषि उपकरण, भूसा, पेड़ आग की चपेट मे आ गए। पीड़ित किसान ने बताया पड़ोसी कसान पिंटू परिहार ने अपने खेत में नरवई जलाई थी जो तेज हवाओं के कारण फैलते गई और आस पास के खेतो को भी अपनी चपेट मे ले लिया। आगजनी की घटना में पीड़ित को हजारों रूपये के नुकसान की बात सामने आ रही है। फिलहाल आगजनी की घटना की जांच की जा रही है।

### विधायक ने निर्माणाधीन तालाब का किया निरीक्षण

**मुलताई।** पवित्र नगरी मुलताई मे ताप्ती जी के छोटे तालाब का विकास एवं सौंदर्यकरण का कार्य सीएम मानिट अंतर्गत जारी है, उक्त कार्य को स्वीकृत कराने मे विधायक कि महती भूमिका है, रविवार को विधायक चंद्र शेखर देशमुख एवं नगरपालिका अध्यक्ष नीतू परमार ने तालाब के घाट सौन्दर्यकरण का निरीक्षण किया एवं गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराने के सीएमओ वीरेंद्र तिवारी को निर्देश दिए है।इस दौरान पार्षद रितेश विश्वकर्मा, पार्षद सुरेश पौनीकर, प्रहलाद सिंह ठाकुर ,अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजीव कहार, टीआई नरेंद्र सिंह परिहार ,सीएमओ वीरेंद्र तिवारी,उपयंत्री महेश शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।निरीक्षण के बाद विधायक श्री देशमुख एवं नपा अध्यक्ष श्रीमती परमार ने आके सोमवार को आयोजित होने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के तहत गंगा दशहरा कार्यक्रम एवं पूजन स्थल का निरीक्षण किया।

# दुष्कर्म करने वाले आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बैतूल।** जिले में महिला संबंधी अपराधों पर पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन के निर्देश पर कोतवाली और बोरदेही पुलिस ने दुष्कर्म के दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पहले मामले में, थाना कोतवाली बैतूल पुलिस ने शादी का झांसा देकर एक महिला के साथ संबंध बनाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया। फरियादिया की शिकायत पर मामला दर्ज होने के कुछ ही घंटों



के भीतर पुलिस ने आरोपी राहुल माकोडे (उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम सोहागपुर, थाना बैतूल बाजार) को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक देवकरण डेहरिया, उपनिरीक्षक चित्रा कुमरे और पुलिस टीम की विशेष भूमिका रही। दूसरे मामले में, थाना बोरदेही पुलिस ने एक महिला से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया। पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी ने उधार के पैसे वापस देने के बहाने उसे अलग-अलग स्थानों पर बुलाकर कई बार दुष्कर्म किया। इस मामले में थाना बोरदेही में विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी तुलाराम अखंडे (उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम बिसीघाट, थाना बोरदेही) को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेश पर उसे न्यायिक अभिरक्षा में उपजेल मुलताई भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम वट्टी, महिला आरक्षक आरती पवार सहित साइबर सेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# तीन दोस्त बाइक से गिरे, एक की मौत, दो घायल

**बैतूल।** बैतूल बाजार थाना क्षेत्र में बीती देर रात सांपना बांध के पास एक सड़क हादसे में 17 वर्षीय युवक की मौत हो गई। इस दुर्घटना में उसके दो साथी घायल हो गए। हादसा सांपना बांध के अंदर गांव की ओर जाने वाली सिंगल सड़क पर हुआ।

मृतक की पहचान चारसी निवासी विखित बारस्कर (17) पुत्र राजू दीवान बारस्कर के रूप में हुई है। घायलों में सुरेंद्र धुर्वे और शिवदयाल शामिल हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, तीनों युवक जिला अस्पताल से गांव लौट रहे थे, जहां उनकी बहन का सांप काटने के बाद इलाज चल रहा था।



हादसे के बाद एंबुलेंस की सहायता से तीनों को जिला अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने विखित को मृत घोषित कर दिया। अन्य दो घायलों को अस्पताल में भर्ती कर उपचार शुरू किया गया। सुरेंद्र धुर्वे की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें भोपाल रेफर किया गया है। पुलिस के अनुसार, यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि बाइक सवार खुद गिरे या किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मारी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि घटना के समय तीनों युवक शराब के नशे में थे। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# शोभायात्रा के साथ आज से शुरू होगा श्रीमद् भागवत गीता ज्ञान यज्ञ

**बैतूल।** गंज स्थित विश्वकर्मा मंदिर में आज सोमवार से सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत गीता ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ भव्य शोभायात्रा के साथ होगा। धार्मिक आयोजन को लेकर समाजजनों और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह का वातावरण बना हुआ है। आयोजन समिति द्वारा शोभायात्रा एवं कथा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और गर्मी से बचाव के विशेष इंतजाम भी किए गए हैं। विश्वकर्मा समाज समिति जिला बैतूल द्वारा आयोजित इस धार्मिक आयोजन की शुरुआत सुबह 10 बजे विश्वकर्मा मंदिर से भव्य शोभायात्रा के साथ होगी। शोभायात्रा हाउसिंग बोर्ड, गुप्ता मॉल, टांगा स्टैंड, शनि मंदिर, कांती शिवा चौक, माता मंदिर और मेकेनिक चौक होते हुए पुन: विश्वकर्मा मंदिर पहुंचेगी। आयोजन के अंतर्गत प्रतिदिन 3 बजे से शाम 6 बजे तक आचार्य पंडित भागवताचार्य डॉ. पुष्कर परसाई के मुखारविंद से श्रीमद्भागवत गीता कथा का रसपान कराया जाएगा। विश्वकर्मा समाज समिति ने समस्त धर्मप्रेमियों और श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शोभायात्रा में शामिल होकर आयोजन की शोभा बढ़ाएं तथा प्रतिदिन कथा श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त करें।

# ट्रेन में चढ़ते समय युवक का पैर कटा, हालत गंभीर

**मुलताई।** नगर के रेलवे स्टेशन पर रविवार की दोपहर करीब 2.30 बजे मेमो ट्रेन मे चढने के दौरान पैर फिसलने से युवक का पैर कट गया। जिससे तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। परिजन युवक को उपचार के लिए नागपुर ले गए है। बताया जाता है मुलताई निवासी मनीष महतकर 30 साल पिता हरि प्रसाद महतकर अपनी मां को मेमो ट्रेन से नागपुर भेजने स्टेशन पहुंचे थे। मनीष ने पहले अपनी मां को सुरक्षित ट्रेन मे बैठाया और फिर बाकी सामान लेने के लिए नीचे उतर गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जब मनीष वापस ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रहा था,तभी ट्रेन अचानक चल पड़ी। चलती ट्रेन



में चढ़ने के दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और उसका एक पैर ट्रेन तथा प्लेटफॉर्म के बीच फंस गया। हादसा इतना भयावह था कि पैर बुरी तरह घिसने के बाद कटकर अलग हो गया। घटना के बाद स्टेशन पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। यात्रियों की चीख-पुकार के बीच रेलवे कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए गंभीर रूप से घायल मनीष को तत्काल निजी अस्पताल पहुंचाया, प्राथमिक उपचार के बाद भी हालत गंभीर होने से परिजन घायल मनीष को बेहतर इलाज के लिए नागपुर ले गए है।

# आज को जिलेभर में मनाया जाएगा गंगा दशमी पर्व

**बैतूल।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत गंगा दशमी पर्व के उपलक्ष्य में 25 मई 2026 को जिलेभर में विभिन्न जन जागरूकता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के तहत जल संरक्षण एवं नदी संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रभातफेरी, नदी एवं जलाशय परिक्रमा, साइकिल रैली, चुनरी अर्पण एवं पूजन, जल एवं नदी गीतों की प्रस्तुति सहित विविध गतिविधियां आयोजित होंगी।इसके साथ ही युवाओं एवं आमजन को जल संरचनाओं के संरक्षण और संवर्धन के प्रति जागरूक करने के लिए संगोष्ठी, सेमिनार एवं व्याख्यान कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम ताप्ती उद्गम स्थल मुलताई में आयोजित होगा। कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम के तहत शाम 6 बजे प्रभारी मंत्री का मुलताई आगमन होगा। इसके पश्चात मां ताप्ती जी का पूजन-अर्चन, चुनरी अर्पण, महाआरती घाट पर अभिषेक एवं महाआरती आयोजित की जाएगी।

# आगजनी पीड़ित को दी 50 हजार रुपए की सहायता

**मुलताई।** प्रभातपट्टन ब्लॉक के ग्राम बिसनुर में बीते बुधवार को हुई आगजनी की घटना ने चार परिवारों को सड़क पर ला दिया है। इस कठिन समय में इंसानियत की मिसाल भी देखने को मिल रही है। गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पीड़ति परिवारों की सहायता के लिए आगे आ रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को वर वधु मंगलम ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संचालक बीआर पाटणकर, पूर्व विधायक पीआर बोड़खे, जगन्नाथ पंडाग्रे, एसआरधोटे,अजय ठाकरे मुलताई द्वारा पीड़ति परिवारों से मुलाकात कर, उनका हाल-चाल जाना तथा उन्हें विश्वास दिलाया कि



संकट की इस घड़ी में समाज उनके साथ खड़ा है। पीड़ित परिवारों को ग्रुप की तरफ से पचास हजार पांच सौ रुपए की आर्थिक सहायता राशि सौपी गई। पीड़ति परिवारों को सोमवंशी महार समाज सामाजिक संगठन के जिला अध्यक्ष मारुतीराव तायडे, वरिष्ठि अधिवक्ता व्ही.डी. कोसे, आर.सी. गायकवाड, प्रभाकर भट्करे आदि सदस्यों ने पीड़ति परिवारों को 200 लीटर क्षमता वाली पानी की तीन सिंटेक्स एवं साल प्रदान किया। समाजसेवी कैलाश माकोड़े द्वारा, पानी की टंकी मानवीय सहायता स्वरूप भेंट किया।

# ध्यान शिविर में बच्चों ने सीखी सकारात्मक जीवनशैली की सीख

**बैतूल।** बच्चों में नैतिकता, अनुशासन और सकारात्मक सोच विकसित करने के उद्देश्य से पंचशील बुद्धविहार बैतूल में रविवार को विशेष ध्यान एवं धम्म संस्कार शिविर का आयोजन किया गया। पूज्य भंते धम्मसेन जी के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रेरणादायी शिविर में बड़ी संख्या में बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर ध्यान, धम्म और संस्कारों की महत्वपूर्ण सीख प्राप्त की। शिविर के दौरान बच्चों को सरल एवं सहज भाषा में जीवन में करुणा और सदाचार का महत्व समझाया गया। कार्यक्रम में पूज्य भंते धम्मसेन जी ने बच्चों को



प्रेरणादायी कहानियों, उदाहरणों और पंचशील के माध्यम से नैतिक जीवन जीने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों में अच्छे संस्कारों का विकास ही समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। नियमित ध्यान और धम्म संस्कार बच्चों में अनुशासन, एकाग्रता, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच विकसित करते हैं, जिससे वे जीवन में सही दिशा प्राप्त कर सकते हैं। ध्यान शिविर में बच्चों ने पूरे अनुशासन और उत्साह के साथ ध्यान एवं धम्म संस्कार गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि स्व.श्रीमती पुष्पा शेषकर की स्मृति में शेषकर परिवार द्वारा स्थापित वाटर फिल्टर कूलर गर्मी के दिनों में आयोजित सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में अत्यंत उपयोगी साबित हो रहा है। इससे बच्चों, उपासकों और उपस्थित लोगों को शुद्ध एवं शीतल पेयजल की बेहतर सुविधा मिल रही है। शिविर के सफल आयोजन में डॉ. मनोज वरवड़े, रामदास पाटील, नरेश भूममरकर, गीता नागले, संगीता कापसे, अमिता भूमरकर सहित समस्त उपासक एवं उपासिकाओं का विशेष योगदान रहा।

**अवसर** 300 से अधिक युवाओं ने पाए रोजगार और प्रशिक्षण के अवसर

# युवाओं को रोजगार मेले में मिली औद्योगिक अवसरों की जानकारी

**बैतूल।** युवाओं को रोजगार और तकनीकी कौशल से जोड़ने की दिशा में रविवार को एक महत्वपूर्ण पहल देखने को मिली, जहां कौशल्या सोशल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा टाटा मोटर्स एवं क्वेस कॉर्प लिमिटेड के सहयोग से विशाल रोजगार एवं मार्गदर्शन मेले का आयोजन किया गया। मेले में जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे 300 से अधिक युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रोजगार, अप्रेंटिसशिप और औद्योगिक प्रशिक्षण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। कार्यक्रम ने युवाओं को उद्योगों से सीधे जोड़ने और आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित करने का कार्य किया। रोजगार मेले का आयोजन संस्था के अध्यक्ष एवं



के.बी. मेमोरियल हॉस्पिटल के संचालक डॉ. नितिन राजेंद्र देशमुख के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को औद्योगिक क्षेत्र से जोड़ते हुए उन्हें रोजगारोन्मुख बनाना और तकनीकी कौशल के माध्यम से आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाना रहा। आयोजन के दौरान युवाओं में रोजगार के अवसरों को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में उपस्थित टाटा समूह की प्रतिनिधि जैस्मिन पंचाल एवं गीता जायसवाल ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में तकनीकी शिक्षा और कौशल आधारित प्रशिक्षण की मांग तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने युवाओं से आधुनिक औद्योगिक प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने भविष्य को मजबूत बनाने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि बदलते औद्योगिक परिवेश में प्रशिक्षित युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाएं लगातार बढ़ रही हैं। क्वेस कॉर्प लिमिटेड के प्रतिनिधि तुषार निले एवं वंदना राजपाल ने राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप संवर्धन योजना के तहत संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों, चयन प्रक्रिया, मानदेय व्यवस्था और विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में उपलब्ध रोजगार अवसरों की विस्तृत जानकारी दी। युवाओं को व्यावहारिक औद्योगिक अनुभव के साथ मासिक मानदेय भी प्रदान किया जाता है, जिससे वे प्रशिक्षण के साथ आर्थिक रूप से भी सशक्त बन सकें।

### अधिकारियों ने किया मार्गदर्शन

कार्यक्रम में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से शुभम वानखेड़े, जिला रोजगार अधिकारी श्याम धुर्वे तथा शासकीय पॉलिटेक्निक संस्थान से आयुष लॉर्ड विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने युवाओं को कौशल विकास एवं तकनीकी शिक्षा से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान युवाओं को मेकाट्रॉनिक्स डिप्लोमा, नि:शुल्क तकनीकी प्रशिक्षण, अप्रेंटिसशिप योजनाओं और विभिन्न औद्योगिक इकाइयों में उपलब्ध रोजगार संभावनाओं की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई।

# एसआईएफ बैतूल ने अस्पताल में किया रक्तदान

**बैतूल।** जिला चिकित्सालय बैतूल में एसआईएफ बैतूल (सेव इंडियन फैमिली बैतूल) के बैनर तले रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्तदान करने के साथ पुरुष मानसिक स्वास्थ्य, पारिवारिक संबंधों और भावनात्मक सहयोग को लेकर जागरूकता का संदेश भी दिया गया। रक्तदान करने वालों में चंद्रप्रकाश झारे, अरुण राठौर, निहारिका राठौर और श्वेता सतांकर शामिल रहे। कार्यक्रम विशेष रूप से उन पुरुषों और परिवारों को समर्पित रहा, जो पारिवारिक विवाद, वैवाहिक मामलों, अलगाव, तलाक या चाइल्ड कस्टडी जैसी परिस्थितियों के कारण मानसिक और भावनात्मक तनाव का सामना कर रहे हैं। इस




दौरान डॉ. संदीप गोहे ने कहा कि कई पुरुष अपने बच्चों से दूर रहने की पीड़ा झेल रहे हैं।

ऐसे समय में सामाजिक जुड़ाव, भावनात्मक सहयोग और सकारात्मक गतिविधियां मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद आवश्यक हैं। उन्होंने बताया कि एसआईएफ बैतूल द्वारा समय-समय पर मेंस डे, फादर्स डे, वर्ल्ड सुसाइड अवेयरनेस डे जैसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। साथ ही एक पेड़ पिता के नाम, एक कुर्सी मर्दों के नाम, परिवार परामर्श और आत्महत्या रोकथाम जागरूकता जैसी गतिविधियां भी संचालित की जा रही हैं। डॉ. संदीप गोहे ने बताया कि संस्था पिछले तीन वर्षों से लगातार रक्तदान शिविर आयोजित कर रही है और यह सामाजिक पहल का चौथा वर्ष है।